# International Hindi Olympiad 2024 &
# Amrit Kumbh Samman 2024

Hindi Olympiad Foundation under approval from Central Board of Secondary Education & Kendriya Vidyalaya Sangathan will be organizing **International Hindi Olympiad 2024 for school going children from class I to class X & Amrit Kumbh Samman 2024 for Hindi teachers.** are esteemed competitions that provide students & teachers from various countries an opportunity to showcase their proficiency in the Hindi language. It aims to foster international cultural exchange, encourage linguistic diversity, and strengthen the bond between Hindi-speaking communities worldwide. By participating in this event, students & teachers enhance their language skills, cultural awareness, and broaden their global perspectives.

2. More than 15 states & central authorities across India have recommended the International Hindi Olympiad & Amrit Kumbh Samman in their respective states & schools including Central Board of Secondary Education, Kendriya Vidyalaya Sangathan, Navodaya Vidyalaya Samiti, Delhi, Jharkhand, Gujarat, Rajasthan, Punjab, Haryana, Jammu & Kashmir, Himachal Pradesh, etc.

3. The International Hindi Olympiad & Amrit Kumbh Samman are esteemed competitions that provide students & teachers from various countries an opportunity to showcase their proficiency in the Hindi language. It aims to foster international cultural exchange, encourage linguistic diversity, and strengthen the bond between Hindi-speaking communities worldwide. By participating in this event, students & teachers enhance their language skills, cultural awareness, and broaden their global perspectives.

**Registration Link for International Students - https://bit.ly/iho-int**
**Registration Link for Schools outside India - https://bit.ly/iho24-intschools**

**For further details please visit : www.hindiolympiad.edu.in / www.hindiolympiad.com**

***

# केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
क्षेत्रीय कार्यालय - बेंगलुरु
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
## Central Board Of Secondary Education
Regional Office – Bengaluru
(Ministry of Education, Govt. of India)


सत्यमेव जयते

**के.मा.शि.बो./क्षे.का.(बेंग)/हिं.प्र./ओलंपियाड/2024/18** **दिनांकः 12.04.2024**

सेवा में,

सभी प्रधानाचार्य
बेंगलूरू क्षेत्र

**विषयः- 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2024' और 'अमृत कुंभ सम्मान-2024' के आयोजन के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उर्युक्त विषय के संदर्भ में, आपको सूचित किया जाता है कि हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2024' और 'अमृत कुंभ सम्मान-2024' का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्यों को संबोधित हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन का पत्र आपके अवलोकनार्थ संलग्न किया गया है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों और हिंदी शिक्षकों को 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2024' और 'अमृत कुम्भ सम्मान-2024' में भाग लेने के अवसर प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

अतः निवेदन है कि उक्त प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। इस संबंध में अधिक और विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया अनुलग्नक अनुभाग में हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा जारी विवरणिका देखें या hits://www.hindiolympiad.com पर जाएं।

परिपत्र संलग्न है।


वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE


धन्यवाद।

**भवदीय**

जे. सुनील कुमार 12/4/2024
**(जे सुनील कुमार)**
**अवर सचिव सह राजभाषा अधिकारी**

# हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन

**केंद्रीय कार्यालय : 145, पॉकेट 25, सेक्टर 24, रोहिणी, नई दिल्ली - 110085**
**संपर्क - info@hindiolympiad.com, +91 8860552255**
**www.hindiolympiad.com / www.hindiolympiad.edu.in**

प्रतिष्ठा में,
**माननीय अधिकृत प्रतिनिधि**
**विदेश मंत्रालय, भारत सरकार**

**विषय**:- **हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा अनुमोदित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2024 एवं अमृत कुम्भ सम्मान 2024 की सुचना को भारत से बाहर रह रहें भारतीयों एवं विद्यालयों में प्रसारित करने हेतु।**

महोदय/महोदया,
**शिक्षा मंत्रालय, भारत** द्वारा पारित **नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** में हिंदी भाषा/मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने एवं विद्यालयों में हिंदी ओलंपियाड के आयोजन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन भी विगत कई वर्षों से देश-विदेश में छात्रों के समग्र हिंदी ज्ञान को नई ऊँचाइयों पर ले जाने की दिशा में प्रयासरत है।

हिंदी भाषा के विशेषज्ञों, शिक्षाविदों एवं वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा सुझावित बिंदुओं पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड स्कूली छात्रों को बहुविकल्पीय, मूल्यपरक और मानक हिंदी सीखने का माध्यम प्रदान करता है। हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन संपूर्ण विश्व के विद्यालयों में किया जाता है।

आयोजन के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षा के साथ-साथ सभी पंजीकृत विद्यार्थियों को पूरे शैक्षिक सत्र में हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा संचालित वेबसाइट (www.hindiolympiad.com) पर संस्कृति ज्ञान, हिंदी व्याकरण पाठ्यक्रम, विभिन्न अभ्यास-प्रश्न, अभ्यास-परीक्षा पत्रक एवं अध्ययन हेतु पर्याप्त प्रामाणिक सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाती है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रमाण-पत्र तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ट्रॉफी एवं पदक देकर सम्मानित किया जाता है।

हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु आपसे निवेदन है कि आप संपूर्ण विश्व में स्थित भारत के दूतावास एवं उच्चायोग द्वारा सूचना प्रसारित कर अधिकतम विद्यार्थियों एवं शिक्षको तक पहुँच बनाने में हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन के प्रयास को सफल बनाएँ एवं नई शिक्षा नीति के मूल उद्देश्य को सफलीभूत करने की अनुमति प्रदान कर हमें अनुग्रहित करें।

धन्यवाद सहित
भवदीय

**श्रीमती हेमलता**
**संयोजिका, हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन**
संपर्क: 8860313300
ईमेल: info@hindiolympiad.edu.in
***www.hindiolympiad.edu.in***

**सबको शिक्षा,**
**अच्छी शिक्षा**